## एक नजर में

### लापता महिला को मिला परिवार का साथ



इंदौर. धामनोद थाना क्षेत्र से जुलाई माह में मिली एक लावारिस महिला को मानसिक चिकित्सालय इंदौर में भर्ती कराया गया था. मजिस्ट्रेट आदेश पर भर्ती की गई इस महिला का इलाज कंसल्टेंट इंचार्ज डॉ. विजय निरंजन की देखरेख में शुरू किया गया. लगभग दो हफ्ते में स्वास्थ्य में सुधार आने के बाद महिला ने अपना पता बताया, जो जिला गुंटूर, आंध्र प्रदेश स्थित निकला. मानसिक चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. वी.एस. पाल के निर्देश पर नर्सिंग ऑफिसर जितेंद्र सुमन ने गुंटूर जिले के मचावरम थाने से संपर्क किया. जांच में पता चला कि उक्त महिला की गुमशुदगी रिपोर्ट थाने में दर्ज है और वह पिछले चार वर्षों से लापता थी. परिवारजन उनकी तलाश में वर्षों से भटक रहे थे और लगभग उम्मीद छोड़ चुके थे. आधिकारिक पत्राचार और पुष्टि के बाद 18 अगस्त को आंध्र पुलिस टीम इंदौर पहुंची. चिकित्सालय से डिस्चार्ज कराने के बाद महिला को सुपुर्द किया.

### चारभुजानाथ की पैदल यात्रा निकाली



इंदौर. चारभुजानाथ पैदल यात्री संघ के सयोंजक संतोष हीरालाल जोशी के नेतृत्व में नि:शुल्क पैदल यात्रा निकाली गई जिसमें 200 से ज्यादा पैदल यात्रियों का जत्था शामिल हुआ. लगभग 550 किलोमीटर की पैदल यात्रा करके डोल ग्यारस पर चारभुजा जी गढ़बोर राजस्थान के मेला दर्शन प्राप्त करेंगे. श्री चारभुजानाथ पैदल यात्री संघ के प्रमुख यात्रा व्यवस्थापक पं तरुण व्यास महाराज ने बताया कि यात्रा में इंदौर पालीवाल समाज के अनेको समाजसेवीयों सहित आस पास के गांवों के पदयात्री शामिल हुए. यात्रा प्रात: श्री चारभुजानाथ की आरती करके जय चारभुजानाथ के जयकारों के साथ रवाना हुई. पदयात्रियों का पालीवाल समाज 44 श्रेणी अध्यक्ष भूरालाल व्यास, ललित पुरोहित सहित समस्त कार्यकारिणी व समाजजन ने स्वागत किया. आयोजन 17 दिवसीय रहेगा जिसमें श्री चारभुजानाथ पैदल यात्री संघ सयोंजक संतोष जोशी (सन्टू) यात्रा के हर पड़ाव पर यात्रियों को श्री चारभुजा जी की पवित्र पावन पदयात्रा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते रहेंगे. यात्रा श्री चारभुजानाथ मंदिर पालीवाल ब्राह्मण समाज इंदौर से उज्जैन, नीमच, साँवरिया जी, नाथद्वारा होते हुवे श्री चारभुजा जी गढ़बोर पहुचेगी वही रूपनारायण जी सेवन्त्री मे ध्वजा चढ़ाकर यात्रा का समापन होगा. यात्रा व्यवस्थापक मुकेश व्यास, विजय जोशी( पार्षद), ध्वजाधारी सुनील जी डोडिया, मंदिर रेवाड़ीधारी जमनालाल बागोरा, ओमी जोशी व अनिल पांचाल ने आभार माना.

### बेटे के रोजाना फोटो खीचते हैं डॉ. अग्रवाल



इंदौर. मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल ने अपने बेटे का फोटो ख़िचने का एक ऐसा रिकार्ड बनाया है जो शायद ही टूटे. हालांकि यह रिकार्ड लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दो-दो बार दर्ज भी हो चुका है और अभी भी नहीं टूटा. डॉ. अग्रवाल अपने बेटे रुद्राक्ष का रोजाना फोटो खींचते है और उसे सहेज कर रखते है. इस कार्य को करते हुए उन्हें 27 वर्ष से अधिक हो गए है और इस अवधि में हजारों फोटो एकत्रित हो गए है. डॉ. अग्रवाल बताते है बेटे रुद्राक्ष का जन्म 29 अप्रैल, 1998 को हुआ और उसी दिन से फोटो खींचने की शुरूआत की. उस समय तो एकमात्र साधन कैमरा ही होता था और फिर उसकी नेगेटिव कॉपी बनती, फिर उसे लेब में भेजते तब फोटो निकलती थी. डॉ. अग्रवाल के पास हजारों नेगेटिव कॉपी भी है ,जो उन्होंने मोबाइल में सहेज कर रखे है. हालांकि मोबाइल क्रांति आने के बाद फोटो खीचना अब आसान हो गया है. डॉ. अग्रवाल के पास हजारों डिजिटल फोटो भी आज मोबाइल में सुरुक्षित है. बेटे रुद्राक्ष का फोटो कैमरे से लेना हो या मोबाइल से डॉ. अग्रवाल इस सिलसिले को कभी नहीं तोड़ते है. इस चक्कर में उनके 5 कैमरे भी गुम हो चुके है. डॉ. अग्रवाल का यह रिकार्ड वर्ष 2003 और 2005 के लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज है और आज भी बरकरार है. डॉ. अग्रवाल कहते है कि बेटे रुद्राक्ष के सभी फ़ोटो मेरे लिए एक धरोहर है और सुखद स्मृतियाँ है.

### दाउदी बोहरा समाज ने सफाई अभियान चलाया




इंदौर. दाउदी बोहरा समाज ने सफाई मित्रों को अवकाश के चलते सैफी नगर, माणिक बाग रोड क्षेत्र में साफ सफाई अभियान चलाया. यह जानकारी देते हुए समाज के इंदौर मीडिया प्रभारी मज़हर हुसैन सेठजी वाला व बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया कि वार्ड 73 के अंतर्गत सैफी नगर क्षेत्र में सुबह सादिक खान, मज़हर हुसैन सेठजी वाला, शेख खुजेमा पेटीवाला, युनुस सलीम, सहित बड़ी संख्या में उपस्थित समाजजनों ने सड़कों गलियों में झाड़ू लगाकर कचरा डस्टबिन में डाला एवं क्षेत्र में साफ सफाई की.

### समाजसेवी परमालिया को किया सम्मानित



इंदौर. कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल द्वारा भारत जोड़ो यात्रा एवं भारत न्याय यात्रा पर आधारित एक विशेष पुस्तक का विमोचन एक गरिमामय समारोह में संपन्न हुआ. इस पुस्तक में यात्रा के दौरान के चित्रों, समाचारों एवं प्रमुख घटनाओं का संग्रह किया गया है. इस अवसर पर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह राजा साहब, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम पटेल तथा इंदौर शहर कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष चिंटू चौकसे उपस्थित रहे और संयुक्त रूप से उपस्थित थे. इस मौके पर समाजसेवी मदन परमालिया को पटेल परिवार के प्रति निष्ठा और समर्पण के लिए शाल-श्रीफल से पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने सम्मानित किया. श्री परमालिया ने अपने सम्मान में पटेल परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पटेल परिवार हर मूसीबत में अपनों के साथ खड़ा रहता है और यही नहीं उन्हें जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा भी देता रहा है. आज मेरा जो सम्मान हुआ है वह एक नई दिशा और ऊँचाई को दिखाता है.

### रेसकोर्स रोड पर पर्युषण में आज से विभिन्न आयोजन

इंदौर. श्री श्वेताम्बर जैन तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट के तत्वावधान में रेसकोर्स रोड स्थित आगमोद्धारक आराधना भवन पर पर्युषण महापर्व का शुभारंभ आज भादौ वदी 12 से होगा. ट्रस्ट के प्रमुख डॉ.प्रकाश बांगानी एवं सचिव यशवंत जैन ने बताया कि इस दौरान चातुर्मास के लिए विराजित पंन्यास प्रवर चंद्रयश विजय म.सा. आदिठाणा 3 की पावन निश्रा में 27 अगस्त तक प्रतिदिन प्रवचन, पूजा, प्रतिक्रमण, पौषध सहित विभिन्न तप एवं साधना के आयोजन होंगे. इस दौरान अनेक श्रावक-श्राविका 8 दिनों तक साधुक्साध्वी के वेश में उपाश्रय में ही रहेंगे और मोबाइल तथा वाहनों का उपयोग नहीं करेंगे, उपवास या एक ही समय भोजन (एकासना) ही करेंगे. ट्रस्ट के प्रवीण गुरूजी, विपिन सोनी एवं कीर्ति भाई डोसी, कुशल शाह, सौमिल कोठारी, प्रनेह चोरडिया ने बताया कि पर्युषण महापर्व के दौरान प्रतिदिन पंन्यास प्रवर चंद्रयश विजय की निश्रा में पहले दिन आज पहले दिन अष्टान्हिका का आयोजन होगा.

# गंदगी फैलाने वालों पर निगम की कड़ी कार्रवाई

**वाइन शॉप, अहाते और ठेले वालों के बनाए चालान**

**नगर निगम ने किया 32 हजार का स्पॉट फाइन**






**इंदौर. निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने हेतु कचरा एवं गंदगी फैलाने वालों पर निरंतर कठोर कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में आज शहर के विभिन्न स्थानों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 32,000 का स्पॉट फाइन वसूला गया.**

अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया के निर्देशन में झोन क्रमांक 13 के अंतर्गत राजीव गांधी चौराहा स्थित वाइन शॉप के बाहर गंदगी फैलाए जाने पर सीएसआई सौरभ साहू एवं सहायक सीएसआई अनिकेत सिंह द्वारा कार्यवाही की गई. कार्रवाई के तहत वाइन शॉप मालिक पर 10 हजार रुपए का चालान,

अहाते वाले पर दो हजार रुपए का चालान, चार ठेले वालों पर 10 हजार रुपए का चालान किया गया. इस प्रकार झोन 13 में कुल 22,000 का स्पॉट फाइन किया गया. इस मौके पर वार्ड दरोगा नवीन चौहान एवं टीम फीडबैक फाउंडेशन की उपस्थिति में संबंधितों को समझाइश दी गई कि यदि भविष्य में पुन: गंदगी पाई गई तो इससे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी. इसी के साथ, अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया के निर्देशानुसार ए सीएसआई झोन 16 राजेश परमार द्वारा वार्ड 01, धार रोड स्थित सिरपुर वाइन शॉप के बाहर गंदगी करने पर 10 हजार का स्पॉट फाइन किया गया.

**स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें**

निगम ने नागरिकों से अपील की है कि शहर की स्वच्छता को बनाए रखने में सहयोग करें तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने से बचें. निगम द्वारा शहर में स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भविष्य में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# साड़ी विवाद में महिलाओं से मारपीट



**इंदौर.** चंदन नगर थाना क्षेत्र के गंगानगर स्थित परमार साड़ी सेंटर पर साड़ी बदलवाने पहुंची महिला और उसकी ननद से मारपीट का मामला सामने आया है. पीड़ित पक्ष का आरोप है कि दुकानदार ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि दोनों महिलाओं को धक्का देकर घायल कर दिया.

घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. वहीं पीड़िता का कहना है कि शिकायत दर्ज कराने के बावजूद चंदन नगर पुलिस ने न्याय देने की बजाय क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर पक्षपात किया. जवाहर टेकरी निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसने दो दिन पहले परमार साड़ी सेंटर से दो साड़ियां खरीदी थीं. घर पर जांचने पर उनमें खराबी निकल आई. ननद-भांजी के साथ दुकान पहुंची और साड़ी बदलने या पैसे लौटाने की मांग की. आरोप है कि इस पर दुकानदार भड़क गया और कहा न साड़ी बदलूंगा, न पैसे दूंगा. महिला ने खरीदी गई साड़ियां वहीं छोड़ दीं तो दुकानदार गाली-गलौज करने लगा. विरोध करने पर उसने ननद को गलत नीयत से छेड़ा और धक्का देकर बाहर गिरा दिया. शिकायतकर्ता महिला को भी धक्का मारकर गिराया, जिससे उसके घुटने में गंभीर चोट आई, जबकि ननद की नाक और सिर में चोट पहुंची. आरोप है कि दुकानदार ने धमकी दी दुकान पर दोबारा दिखी तो जान से खत्म कर दूंगा. पीड़िता का कहना है कि जब वह चंदन नगर थाने पहुंची तो वहां भी उसे न्याय की जगह समझौते का दबाव बनाया, आरोप है कि स्थानीय पार्षद के दबाव में पुलिस ने सिर्फ दुकानदार पर कार्रवाई करने की बजाय क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर दी. पीड़िता ने किसी भी तरह के समझौते से इंकार करते हुए अब पुलिस कमिश्नर से शिकायत की बात कही है.

# लावारिस शवों को मिली सम्मानजनक विदाई

## मानवसेवा वाहन ने 20 से अधिक शवों को अंतिम प्रक्रिया तक पहुंचाया

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में लावारिस और असहाय शवों को अंतिम सम्मान दिलाने के लिए हाल ही में शुरू की गई 'मानव सेवा वाहन' सेवा से नई मिसाल पेश की है. मात्र एक माह में इस विशेष वाहन ने 20 से अधिक अज्ञात और क्षत-विक्षिप्त शवों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया.**




कई शव सड़क किनारे सुनसान इलाकों और निर्माण स्थलों पर मिले थे. मानव सेवा वाहन की प्रशिक्षित टीम ने पुलिस और चिकित्सा अमले के सहयोग से न केवल शवों को उठाया, बल्कि पोस्टमॉर्टम और अंतिम संस्कार संबंधी कानूनी प्रक्रिया भी पूरी कराई. नगर निगम आयुक्त ने इस पहल को इंसानियत के प्रति जिम्मेदारी बताया. उन्होंने कहा कि जिनके पास अब कोई नहीं है, उनके लिए कम से कम आख़िरी सफ़र में इज्जत सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है. निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि कहीं लावारिस शव दिखने पर तत्काल कंट्रोल रूम या हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें.

नगर निगम की यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध है. इसमें प्रशिक्षित दल शवों को सम्मानपूर्वक पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से अंतिम प्रक्रिया तक पहुंचाता है. यह पहल न केवल प्रशासनिक दृष्टि से सराहनीय है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देती है कि इंसानियत का फर्ज़ अंतिम सांस तक निभाया जा सकता है.

# कुष्ठ उन्मूलन व हेपेटाइटिस नियंत्रण, मैदानी अमले को प्रशिक्षण

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** अभिनव कला समाज सभागृह में मंगलवार को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय हेपेटाइटिस कंट्रोल कार्यक्रम के अंतर्गत मैदानी कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण किया. इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्राथमिक अवस्था में कुष्ठ रोगियों की खोज, उपचाररत एवं उपचारमुक्त रोगियों का फॉलोअप, साथ ही रोगियों के संपर्क में आए स्वस्थ व्यक्तियों को बचाव हेतु सिंगल डोज रिफाम्पिसिन उपलब्ध कराना है.

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की सभी गर्भवती महिलाओं की हेपेटाइटिस-बी की जांच की जाएगी.

हेपेटाइटिस-बी पॉजिटिव गर्भवती महिलाओं के नवजात शिशुओं को एचबीआईजी टीका लगाया जाएगा, उपसंचालक डॉ.



निधि शर्मा ने कहा कि आमजन को जागरूक करना बेहद जरूरी है. फैटी लीवर से बचना जरूरी है क्योंकि इससे हेपेटाइटिस-बी और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि जिले में सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम प्राथमिकता पर हैं.

उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण गैर-संचारी रोग सर्वोच्च प्राथमिकता पर हैं. मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के स्वास्थ्य सूचकांकों को राष्ट्रीय स्तर तक लाना हमारी जिम्मेदारी है. इस मौके पर जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. शरद गुप्ता, जिला क्षय अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र जैन, हेपेटाइटिस नोडल अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. अंशुल मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. शिवराज सिंह चौहान, जिला विस्तार एवं माध्यम अधिकारी डॉ. मनीषा पंडित, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हेमन्त गुप्ता, सीपीएचसी परामर्शदाता डॉ. रवि पाण्डे सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी और टिंगो स्टाफ मौजूद रहे.

# नशे मे गिरे युवक का चेहरा-गर्दन कुत्तों ने नोच डाला, मौत

**गिरने से चेहरे पर आई थी चोट, ब्लड देख कुत्तो ने किया हमला**





**जावरा । शहर में कुत्तों की तादात दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ये कुत्ते दिन में सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं तो वहीं रात के समय इनकी आजादी देर रात काम से लौटने वाले राहगीरों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गई है। ऐसी ही एक घटना सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात बस स्टेंड पर घटित हुई।**

30 वर्षिय एक युवक का चेहरा और गला कुत्तो ने नोच डाला है। एक महिला सफाई कर्मचारी ने सुबह करीब 5 बजकर 15 मिनिट पर यह दृश्य देखा तो बस स्टेंड पर मौजुद पेपर वितरत को सुचना दी। कुछ ही देर मे शहर थाना प्रभारी जितेंद्रसिंह जादोन टीम के साथ मौके पर पहुचें। मौके से साक्ष्य उठाए और शव को सिविल अस्पताल पीएम के लिए पहुचायां।

सुबह 8 बजे एफएसएल जिला अधिकारी डा. अतुल मित्तल भी मौके पर पहुचे और जांच पडताल की।दरअसल 30 वर्षिय पप्पु पिता पुनमचंद्र बागरी माताजी बडायला निवासी है और कुछ वर्षो से अपने ससुराल अरनियापिथा गांव मे रह रहा था। पप्पु जावरा मे मजदुरी का कार्य करता था और नशे का आदी था।

रात 1.30 बजे गस्त के दौरान चिताफोर्स को पप्पु बस स्टेंड पर मिला तो उसका नाम पता पुछा और रात 1.30 बजे उसका फोटो खिंचकर चले गए।

इधर सुबह घटना के बाद सीसी केमरे चेक किये तो पप्पु बस स्टेंड पर सोया था और टायलेट करने के लिए उठा तो कुछ दुरी पर जाकर गिर गया। जिसके चलते चेहरे पर चौट आई और ब्लड निकलता देख कुत्तो ने चेहरा और गर्दन नोच डाली। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। पीडित राहगीरों ने शहर के अंदर बढ़ती कुत्तों की संख्या पर चिंता जाहिर की।

# इकतालीस महिलाओं के बच्छ बारस व्रत का उद्यापन आज

## अग्र मिलन कपल्स का आयोजन

इंदौर. अग्र मिलन कपल्स ग्रुप की मेजबानी में अग्रवाल समाज की 41 महिलाओं के बच्छ बारस व्रत के सामूहिक उद्यापन का आयोजन बुधवार को एयरपोर्ट रोड, छोटा बांगड़दा रोड स्थित बाबाश्री गार्डन पर होगा.

ग्रुप की संस्थापक तृप्ति-अरुण गोयल ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ मंगलवार को व्रतधारी महिलाओं द्वारा समाजसेवी सीतादेवी-जगदीश गोयल के आतिथ्य में मेहंदी रचाने के साथ किया गया. संस्था के अध्यक्ष अरुण-आरती गोयल के अनुसार उत्सव में जयपुर सहित राज्य के विभिन्न शहरों और कस्बों की बहनें भी शामिल होंगी। ब्रह्मलीन लीला-शिवनारायण की स्मृति में मेहंदी उत्सव मनाया गया. सीमा-उमेश एवं मेघा-सत्यप्रकाश ने व्रतधारी महिलाओं के लिए उपहारों की व्यवस्था की है. कार्यक्रम संयोजक चंद्रकांता-विनोद एवं ममता-विजय गोयल द्वारा उद्यापन महोत्सव की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है. बुधवार को सुबह 9 बजे से उद्यापन की रस्म प्रारंभ हो जाएगी.



# शुक्रवार की प्रात: से ही प्रारंभ हो जायेंगे अहिल्या देवी पुण्यतिथि समारोह के आयोजन

**इंदौर.** देवी अहिल्याबाई की 230 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रमों का सिलसिला 22 अगस्त शुक्रवार से प्रारंभ हो जाएगा. सुबह के कार्यक्रमों का केंद्र राजबाड़ा रहेगा जहां अहिल्या प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ देवी की 230 वीं पुण्यतिथि के आयोजन श्रद्धा एवं भाव के साथ मनाए जाएंगे.

देवी अहिल्या उत्सव समिति की अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने बताया कि समिति द्वारा पुण्यतिथि समारोह का यह 110 वां वर्ष है. 22 अगस्त को प्रात: 8 बजे अहिल्या उद्यान पर स्थित देवी अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण से समारोह की शुरुआत होगी. यहां अहिल्या स्तुति का सामूहिक गान भी होगा। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक डागा एवं सचिव शरयू वाघमारे ने बताया कि प्रात: 10 बजे गोपाल मंदिर में देवी की प्रतिमा का पूजन होगा। यही प्रतिमा पालकी यात्रा के दौरान पालकी में विराजित की जाती है. उपाध्यक्ष अनिल भोजे व विनीता धर्म ने बताया कि प्रात: 10 बजे इन्द्रेश्वर महादेव मंदिर, पंढरीनाथ पर भगवान शिवजी का रुद्राभिषेक भी विद्वान पंडितों द्वारा किया जाएगा. राष्ट्र की समृद्धि, अच्छी वर्षा और बेहतर फसलों की कामना भी इस अवसर पर की जाएगी. सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि गुणीजन सम्मान एवं पालकी यात्रा के आयोजन अपरान्ह 3.30 बजे से गांधी हाल में संपन्न होंगे। पालकी यात्रा की व्यापक तैयारियां जारी है.

**वितरित करेंगे अहिल्या बाई के चित्र**

21 अगस्त को सांसद शंकर लालवानी के नेतृत्व में अहिल्या उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा अपरान्ह 3.30 बजे पालकी यात्रा मार्ग पर आने वाली दुकानों पर देवी अहिल्या बाई के चित्र लगाए जायेंगे। दुकानदारों से पालकी यात्रा के समय रोशनी करने का निवेदन भी किया जाएगा.

**पर्युषण पर्व** — नरसिंह वाटिका पर आज से आठ दिवसीय पर्युषण महापर्व का शुभारंभ

# स्वयं को समझना और जानना भी जरूरी : विश्वरत्न सागर

**इंदौर.** पर्युषण महापर्व अपनी आत्मा को तप, संयम और साधना के माध्यम से कुंदन की तरह निखारने का स्वर्णिम अवसर है. हम दूसरों के बारे में तो बहुत कुछ जानते हैं और जानना भी चाहते हैं, लेकिन खुद के बारे में न तो कुछ जानते हैं और न ही जानना चाहते हैं. स्वयं अपने भीतर झांकने और अपनी कमियों को जानकर उन्हें दूर करने का महापर्व है पर्युषण. हम जितना स्वयं को जान पाएंगे, उतना अपने आपको निखार पाएंगे. समाज में जो पाशविकता आ रही है, उसे दूर करने के लिए जिनशासन ने तप और साधना का मार्ग बताया है. स्वयं को समझना और जानना भी जरूरी है.

ये विचार हैं जैनाचार्य विश्वरत्नसागर के, जो उन्होंने अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में पर्युषण महापर्व शुभारंभ की पूर्व बेला में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किए. धर्मसभा को मुनि प्रवर उत्तम रत्न सागर ने भी संबोधित किया.



**आज से पर्युषण महापर्व का शुभारंभ**

नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर बुधवार, 20 अगस्त से पर्युषण महापर्व का आगाज हो रहा है. जैनाचार्य विश्वरत्न सागर की पावन निश्रा में 28 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 9.45 से 11 बजे तक प्रवचन, सुबह का प्रतिक्रमण सुबह 6 बजे एवं शाम का प्रतिक्रमण शाम 7 बजे से होगा. इस दौरान 20 अगस्त को ज्ञान पूजा के साथ पर्युषण के प्रवचनों का शुभारंभ होगा, 22 अगस्त को कल्प सूत्र, पांच ज्ञान पूजा एवं पालनाजी की बोली, 23 अगस्त को कल्प सूत्र बोहराने एवं पालनाजी की बोली तथा शाम को आदिनाथ भगवान की भव्य भक्ति का आयोजन पिन्टू स्वामी द्वारा होगा.

मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मालवा प्रांत के प्रचारक राजमोहनजी भी आज नरसिंह वाटिका पहुंचे और जैनाचार्य से शुभाशीष प्राप्त किए. उन्होंने इस अवसर पर कहा कि संघ द्वारा पिछले 100 वर्षों में समाज में भेदभाव खत्म करने, कुटुम्ब की परंपरा को प्रोत्साहित करने पर्यावरण का संरक्षण करने, स्वदेशी को अपनाने और राष्ट्र को वैभवशाली और समृद्ध बनाने की दिशा में काम कर रहा है. इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष पारसमल बोहरा, संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, दिलसुखराज कटारिया, मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, शेखर गेलड़ा एवं दीपक सुराना ने राजमोहन का शाल-श्रीफल भेंटकर बहुमान किया. भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता दीपक जैन टीनू भी इस अवसर पर उपस्थित थे. लाभार्थी परिवारों का बहुमान शैलेन्द्र नाहर, अंकित मारू, रीतिश आशीष जैन, चंद्रप्रकाश चौरडिया, मोनिश खूबाजी एवं ऋषभ कोचर ने किया.